Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to take adequate measures to revive Simco Wagon Factory in Bharatpur, Rajasthan.

श्रीमती रंजीता कोली (**भरतपुर**): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के सिमको वैगन फैक्ट्री की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं, जो किसी समय राजस्थान की सबसे बड़ी औद्योगिक ईकाई के रूप में शुमार रही है।

अध्यक्ष महोदय, एक समय भरतपुर शहर की रोजगार की लाइफ लाइन कही जाने वाली सिमको वैगन फैक्ट्री वर्तमान समय में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। यह फैक्ट्री बंद होने के कगार पर है। वर्तमान में इस फैक्ट्री का संचालन टीटागढ़ वैगन्स द्वारा किया जा रहा है। इस फैक्ट्री द्वारा भरतपुर शहर के करीब चार हजार लोगों को रोजगार मिलता था, लेकिन अब **200** लोगों को भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में इस फैक्ट्री में उत्पादन कम करवाया जा रहा है और फैक्ट्री की लैंड यूज को परिवर्तित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उक्त फैक्ट्री को बंद किया जा सके। इससे मेरे संसदीय क्षेत्र में रोजगार का एक बड़ा साधन छीना जा रहा है।

मैं आपके माध्यम से सदन से अनुरोध करती हूं कि सिमको वैगन फैक्ट्री को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किया जाए तथा भरतपुर जनता को इस फैक्ट्री द्वारा विकसित की गई सुविधाओं से वंचित न किया जाए। धन्यवाद।